भारत सरकार **लोक सभा**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय **अतारांकित प्रश्न सं. 2744**

<u>दिनांक 10 जुलाई, 2019 को उत्तर दिये जाने के लिए</u>

उद्यमशीलता और नवोन्मेश का विकास

2744. डॉ॰ वेंकटेश नेता बोरलाकुंताः
श्रीमती वांगा गीता विश्वनाथः
क्या वाणिज्य और उद्योग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का आंध्र प्रदेश और तेलंगाना राज्यों सहित देश में कोई उद्यमशीलता और नवोन्मेश के विकास हेतु राष्ट्रीय प्रदर्शनी केन्द्र स्थापित करने का विचार है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण है ?

उत्तर

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री

(श्री पीयूष गोयल)

(क) और (ख): विभाग पात्र एजेन्सियों से प्रस्ताव प्राप्त होने पर ' निर्यात व्यापार अवसरंचना स्कीम (टीआईईएस) के तहत अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी केन्द्रों ', व्यापार सवंर्धन केन्द्रों सहित निर्यात अवसरंचना की स्थापना के लिए वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है ।

टीआईईएस के अंतर्गत प्रदर्शनी केन्द्रों/व्यापार केन्द्रों की स्थापना करने के निम्नलिखित प्रस्ताव अनुमोदित किए गए है :

i) मणिपुर औद्योगिक विकास (एमएएनआईडीसीओ), मणिपुर सरकार द्वारा प्रस्तुत '' इम्फाल में व्यापार सह स्थायी प्रदर्शनी केन्द्र की मुख्य प्रदर्शनी बिल्डिंग की स्थापना (चरण ।।) '' के लिए 15.86 करोड़ रूपये की कुल परियोजना लागत से अनुमोदित और इसमें टीआईईएस का अंश 11.26 करोड़ रूपये है। 31.12.2018 को 5.63 करोड़ रूपये की पहली किश्त भी निर्मुक्त कर दी गई है । कार्यान्वयन अनुसूची के अनुसार परियोजना के पूरा होने में 24 महीने का समय लगेगा ।

ii) तमिलनाडु व्यापार संवर्धन संगठन द्वारा प्रस्तुत '' चेन्नई व्यापार केन्द्र का विस्तार '' के लिए 288.16 करोड़ रूपये की कुल परियोजना लागत अनुमोदित की गई और इसमें टीआईईएस का अंश 20.00 करोड़ रूपये है । वित्त वर्ष 2017 -18 के दौरान 10.00 करोड रूपये की पहली किश्त भी निर्मुक्त कर दी गई है । परियोजना कार्यान्वयन के आरंभिक चरण में है ।

iii) म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम द्वारा प्रस्तुत ' मिंटो हाल भोपाल में व्यापार संवर्धन केन्द्र की स्थापना ' के लिए 49.39 करोड़ रूपये की कुल परियोजना लागत अनुमोदित की गई और इसमें टीआईईएस का अंश 17.67 करोड़ रूपये है । टीआईईएस का पूरा अंश निर्मुक्त किया जा चुका है और परियोजना पूरी हो चुकी है ।

आंध्र प्रदेश और तेलगांना राज्यों में उद्यमशीलता और नवोन्मेश के विकास हेतु राष्ट्रीय प्रदर्शनी केन्द्र की स्थापना के लिए टीआईईएस स्कीम के तहत वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के विचारार्थ कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है ।

*****